पंजाब केसरी 01/02/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में सुनील कुमार बाठला को भावभीनी विदाई

अम्बाला, 31 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष रहे सुनील कुमार बाठला के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सुनील कुमार बाठला ने कॉलेज में अपनी सेवाएं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दी हैं। वह केवल एक विद्वान शिक्षक ही नहीं, बल्कि छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत, सहकर्मियों के लिए सहयोगी मित्र और संवेदनशील, दयालु व्यक्तित्व के धनी रहे हैं।

उनकी विदाई पर कई सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए सुनहरे पलों को साझा किया और सुनील कुमार बतला ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जीं.एम.एन. कॉलेज उनके लिए सिर्फ कार्यस्थल नहीं, बल्कि उनका दूसरा परिवार रहा है।

जी.एम.एन. कॉलेज में विदाई समारोह के दौरान सुनील कुमार बाठला को स्मृतिचिन्ह भेंट करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य। (चंद्रमोहन)